भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3423
जिसका उत्तर 23 मार्च, 2022 को दिया जाना है

कोयला उत्पादन

3423. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में वर्तमान कोयला उत्पादन इसकी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है;

(ख) यदि हां, तो दैनिक रुप से गत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष में किये गये कोयला खनन और खपत का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गत पांच वर्षों में देश के अंदर कोयले की कमी पाई गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में आवंटित और प्रयुक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : पिछले पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान किए गए घरेलू कोयला उत्पादन, प्रेषण, आयात और खपत का विवरण नीचे दिया गया है:

आंकड़े मिलियन टन में

वर्ष	वास्तविक कोयला उत्पादन	वास्तविक कोयला प्रेषण	कोयला आयात	कोयले की कुल वास्तविक मांग/खपत (आयात + प्रेषण) (कॉलम 3+4)
1	2	3	4	5
2016-17	657.87	645.98	191.01	836.99
2017-18	675.40	690.00	208.25	898.25
2018-19	728.72	732.79	235.35	968.14
2019-20	730.87	707.18	248.54	955.72
2020-21	716.08	690.88	215.25	906.13
2021-22	681.516 @	741.157 @	173.324 &	914.48

@ फरवरी, 2022 तक
& जनवरी, 2022 तक

2020-21 और 2021-22 के आंकड़े अनंतिम है।

(ग) और (घ) : देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। विद्युत की मांग बढ़ने, आयातित कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों द्वारा कम विद्युत उत्पादन होने और भारी वर्षा के कारण कोयले की आपूर्ति में कुछ व्यवधान के कारण 8 अक्तूबर, 2021 की स्थिति के अनुसार विद्युत संयंत्रों में कोयले का भंडार घटकर 7.2 मिलियन टन (मि.ट.) हो गया था। तत्पश्चात कोयले की आपूर्ति में वृद्धि होने से कोयले के भंडार में वृद्धि होना शुरू हो गया है तथा घरेलू कोयले पर आधारित संयंत्रों के संदर्भ में अब यह दिनांक 15.03.2022 की स्थिति के अनुसार 24.85 मि.ट. पहुंच गया है।

पिछले पांच वर्षों के लिए सीआईएल और एससीसीएल में आवंटित और उपयोग की गई निधि (कैपेक्स) निम्नानुसार है:

(आंकड़े करोड़ रु. में)

कंपनी	**वर्ष**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
सीआईएल	बजट अनुमान	7765.00	8500.00	9500.00	10000.00	13000.00
	वास्तविक	7700.06	9334.55	7311.46	6269.65	13283.83
एससीसीएल	बजट अनुमान	2290.00	1600.00	2000.00	1850.00	2300.00
	वास्तविक	1978.88	1477.39	1229.69	2257.60	1310.08

*****